DAINIK BHASKAR, Delhi, 23.5.2019
Page No. 2, Size:(4.29)cms X (12.89)cms.

करीब दो घंटे तक एक्वा लाइन मेट्रो के गार्डों ने की हड़ताल, परेशान हुए यात्री

नोएडा नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की एक्वा लाइन मेट्रो में बुधवार सुबह 6 बजे से 7:50 बजे तक सुरक्षा में लगे प्राइवेट सिक्योरिटी गार्डों ने हड़ताल कर दी। सभी गार्डों ने सैलरी नहीं मिलने की बात कहकर अचानक स्टेशन से बाहर निकल आए। इस वजह से इन स्टेशनों से आवाजाही करने वाले लोगों को एंट्री करने से लेकर चेकिंग कराने और अन्य तरह से काफी दिक्कत हुई। यही नहीं, कई स्टेशनों पर सुरक्षा गार्डों ने यात्रियों को भी एंट्री करने से रोकने का प्रयास किया। जिससे हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एनएमआरसी की तरह से सिक्योरिटी एजेंसी को नोटिस भेजा गया तब उसने तुरंत सैलरी देने का आश्वासन देकर एनएमआरसी से भी माफी मांगी। जिसके बाद सभी गार्ड काम पर लौट आए और फिर संचालन पहले की तरह होने लगा। एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों के एंट्री प्वाइंट से लेकर कई स्थानों पर आयरनमैन सिक्योरिटी एजेंसी के गार्ड तैनात किए गए हैं।